हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 31 जनवरी 2026

04 सुबह 6-7 बजे विजिबिलिटी कम होने से वाहन...



07 एलीवेटेड कॉरीडोर का नाम अटल पथ करने की...





## खबर संक्षेप

### किसान मोटरसाइकिल रैली का आयोजन आज

**विदिशा।** जागरूकता के उद्देश्य से किसानों के माध्यम से किसान मोटरसाइकिल रैली आज लगभग 200 किसानों के साथ निकाली जाएगी। रैली सुबह 10:30 बजे रविंद्र नाथ टैगोर भवन से प्रारंभ होकर दुर्गा नगर चौराह, अहमदपुर चौराह, पीतल मिल ओवरब्रिज, खरीफ फाटक, कांच मंदिर, तिलक चौक, एमएलबी गर्ल्स स्कूल, गुलाब वाटिका, न्यू बस स्टैंड होते हुए न्यू नैनीताल चौराह ओवरब्रिज से पुनः रविंद्र नाथ टैगोर भवन पर समाप्त होगी। रैली का उद्देश्य किसानों में जागरूकता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है।

### शिक्षक संगठन की कार्यकारिणी भंग

**विदिशा।** शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष नवल रघुवंशी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिले की कार्यकारिणी एवं समस्त ब्लॉकों की कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष के मत अनुसार शुक्रवार को भंग कर दी गई है। लंबे समय से जिले की कार्यकारिणियों के सदस्य एवं ब्लॉक अध्यक्ष सक्रिय नहीं थे। इसीलिए जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉकों का पुनर्गठन शीघ्र ही किया जाएगा। जिले के सातों ब्लॉकों के सक्रिय सदस्यों को जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉकों के प्रतिनिधित्व में शामिल किया जाएगा।

### कृषि रथ पहुंचा ग्राम पंचायत वर्धा

**विदिशा।** राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि वर्ष 2026 के शुभारंभ के साथ विकासखंड नटेरन के ग्राम वर्धा में कृषि रथ कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में विदिशा जिले के प्रत्येक विकासखंड अंतर्गत निर्धारित ग्राम पंचायतों में कृषि रथ का नियमित भ्रमण किया जाएगा। क्षेत्रीय कृषि अधिकारी लक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि प्रतिदिन ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि रथ के माध्यम से कृषक संगोष्ठी में कृषि एवं संबद्ध विभागों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधारों की जानकारी दी जाएगी।

### सीएचओ का 6 दिवसीय प्रशिक्षण 7 फरवरी तक

**विदिशा।** क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, भोपाल संभाग के निर्देशानुसार जिले के सामुदायिक चिकित्सा अधिकारियों (सीएचओ) का 6 दिवसीय स्किल्स लैब प्रशिक्षण 2 से 7 फरवरी तक भोपाल में आयोजित होगा। प्रशिक्षण में अंजु लोधी, महिमा मालवीय, दीपिका गोयल एवं सिमरन रघुवंशी शामिल होंगी। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक स्किल्स लैब प्रशिक्षण केंद्र भोपाल में होगा। आवास व्यवस्था तुलसी नगर स्थित कामकाजी महिला छात्रावास में की गई है। प्रतिभागियों को निर्धारित यूनिफॉर्म, यात्रा टिकट व बैंक विवरण साथ लाना अनिवार्य है।

### शहीदों की स्मृति में मौन धारण किया

**विदिशा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनिट का मौन धारण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मौन धारण श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी, मोहिनी शर्मा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीदों की स्मृति में आज जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में भी दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।

### कलेक्टर सख्त: लक्ष्य से चूक पर अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी

# हर तहसील को रोजाना 5 लाख राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया, बड़े बकाएदारों पर कार्रवाई के निर्देश

- बड़े बकायदारों से प्राथमिकता से वसूली हो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण और शासकीय राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने राजस्व वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले की प्रत्येक तहसील प्रतिदिन न्यूनतम पांच लाख रुपए की राजस्व वसूली सुनिश्चित करे। इस संबंध में सभी राजस्व अधिकारियों को लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली के तहत प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि तहसीलवार लंबित बकाया प्रकरणों की समीक्षा कर बड़े बकायेदारों की सूची तैयार की जाए और प्राथमिकता के आधार पर वसूली की जाए। उन्होंने फील्ड स्तर पर पटवारी, राजस्व निरीक्षक सहित समस्त अमले को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली की कार्रवाई पूर्णतः पारदर्शी, विधिसम्मत और संवेदनशील तरीके से की जाए। संबंधित पक्षों को पूर्व सूचना देकर नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जाए।

आवश्यकता होने पर राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों में त्वरित सुनवाई कर बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने दैनिक प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश देते हुए कहा कि यदि तय लक्ष्य से कम वसूली होती है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि दैनिक लक्ष्य निर्धारण से वसूली कार्य में निरंतरता आएगी, राजस्व संग्रह बढ़ेगा और विकास कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और अधिक सुदृढ़ होगी।

### राशन दुकान और सहकारी समिति में अव्यवस्थाएं देख कलेक्टर खफा



ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की उचित मूल्य दुकान एवं सहकारी समिति का निरीक्षण कर ग्रामीणों को मिल रही शासकीय सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सहकारी समिति के गोदाम में रखरखाव की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। सामग्री का अव्यवस्थित भंडारण एवं साफ-सफाई में लापरवाही पर कलेक्टर ने समिति प्रबंधक के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का सुरक्षित और सुव्यवस्थित भंडारण अनिवार्य है।
उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण में कलेक्टर ने पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि दुकान पर दुकानदार, समिति प्रबंधक एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं, ताकि ग्रामीणजन आसानी से संपर्क कर सकें और अपनी शिकायत या सुझाव दर्ज करा सकें। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन की इस सक्रियता से ग्रामीणों में व्यवस्थाओं के सुधार को लेकर विश्वास बढ़ा है।

## नदी में गिरी थार: डायल 112 के जवानों ने गहरे पानी से तीन युवतियों की जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



गुरुवार देर रात करीब 3:30 बजे विदिशा-अशोकनगर मार्ग पर कागपुर के पास एक थार जीप बाह्य नदी में गिर गई। डायल-112 के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए गहरे पानी से जीप में फंसी तीन युवतियों की जान बचाई। रात के समय घना कोहरा था, जिससे दृश्यता बहुत कम थी। चालक अंकित चौहान को नदी के पुल का अंदाजा नहीं लग पाया। सामने अचानक मवेशी आ जाने से जीप अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में जा गिरी।

घटना की सूचना मिलते ही नटेरन पुलिस और डायल-112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। डायल-112 एफआरव्ही स्टाफ के सैनिक गजेंद्र रघुवंशी और पायलट तीरथ सिंह अहिरवार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना करीब 10-12 फीट गहरे पानी में उतरकर बचाव अभियान चलाया।

### जीप में 5 लोग सवार थे, ड्राइवर को आई चोटें

हादसे में अंकित चौहान, विक्की उर्फ विकास नामदेव और रितु को चोटें आईं। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नटेरन ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को छुट्टी दे दी गई। जीप में सवार पांचों लोग 29 जनवरी को करीला कार्यक्रम में शामिल होकर रात में लौट रहे थे। जीप में अंकित पिता प्रेम सिंह चौहान (35) निवासी वार्ड नंबर 14 नया बस स्टैंड थाना शमशाबाद, विक्की उर्फ विकाश नामदेव पिता सुरेश कुमार (32) गणेश नगर शमशाबाद, रेखा विनीत बाई (24) निवासी दुलई, खुशबू ललिता बाई (20) दुलई, रितु गीता बाई (25) ग्राम दुलई सवार थीं।

### कलेक्टर गुप्ता ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी, लेबर रूम, ब्लड बैंक, आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) और रैन बसेरा का निरीक्षण किया। ब्लड बैंक में रक्त संग्रह, भंडारण, गुणवत्ता नियंत्रण एवं सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि चिकित्सकों व कर्मचारियों की सूची नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाए और पर्याप्त सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो। एनआरसी में भर्ती बच्चों व उनके परिजनों से संवाद कर उन्होंने उपचार, भोजन व स्वच्छता की जानकारी ली तथा संवेदनशील व्यवहार और समयबद्ध उपचार पर जोर दिया। रैन बसेरा निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एनजीओ के माध्यम से अतिरिक्त कंबल व चादरों की व्यवस्था के निर्देश दिए।

## पांच दिन में आरोपी नहीं पकड़े तो थाने का घेराव करेगा बजरंग दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

विगत दिनों लायरा चक्क क्षेत्र में गौ-माता के अवशेष मिलने की घटना सामने आने के बाद भी दोषियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से हिन्दू संगठनों में रोष व्याप्त है। गौ-माता के सम्मान एवं न्याय की मांग को लेकर बजरंगदल द्वारा विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम एसडीएम मनीष जैन एवं तहसीलदार नागेश पवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की यदि 5 दिनों के अंदर गौ हत्या करने वाले आरोपियों की पहचान कर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो बजरंगदल थाने का घेराव करेगा। यह केवल एक घटना नही हिन्दू समाज की आस्था पर प्रहार है। ज्ञापन देने में बजरंग दल विदिशा विभाग के संयोजक सचिन यादव, जिला प्रखंड नगर खंड ग्राम के कार्यकर्ता एवं सकल हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूलों में कोडिंग शिक्षा की पहल

**विदिशा।** सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को तकनीक की दुनिया से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक बड़ी पहल शुरू की है। जिला प्रशासन के नेतृत्व में कोड योगी के सहयोग से सरकारी स्कूलों में टेक्नोलॉजी एवं कोडिंग कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का पायलट चरण नवंबर 2025 में शुरू हुआ था, जिसे सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद जनवरी 2026 के दूसरे सप्ताह से पूरे जिले में लागू कर दिया गया। वर्तमान में लगभग 100 सरकारी स्कूलों के शिक्षक इस पहल से जुड़ चुके हैं और भविष्य में इसे जिले के सभी 208 स्कूलों तक विस्तार देने की योजना है। यह कार्यक्रम कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 49 हजार विद्यार्थियों के लिए है, जिसमें कोडिंग, लॉजिकल थिंकिंग और समस्या समाधान जैसे कौशल सिखाए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा तथा गूगल, एप्पल और ओपन एआइ जैसी संस्थाओं से जुड़े वैश्विक मेंटर्स का मार्गदर्शन भी मिलेगा।

## जंगल में पेड़ पर लटकी मिली 17 वर्षीय नाबालिग की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

थाना हैदरगढ़ अंतर्गत आने वाली पंचायत खिरिया जागीर के ग्राम खिरिया टपरिया में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है।

17 वर्षीय नाबालिग किशोरी का शव गांव से करीब 100 मीटर दूर जंगल में सागौन के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस संबंध में थाना हैदरगढ़ प्रभारी रोहित कुमार गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि परिजनों से सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोरी सुबह पढ़ाई करने के बाद लगभग 4 बजे घर से बाहर निकली थी। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की।

सुबह करीब 6 बजे जंगल में सागौन के पेड़ पर उसका शव लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीएम बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**विदिशा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवादल द्वारा उनकी प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने उपस्थित जनों को महात्मा गांधी द्वारा बताए गए सत्य, प्रेम और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई।

### दो दिन में सर्वे कर राहत प्रकरण तैयार करने के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज विदिशा तहसील के ओलावृष्टि से प्रभावित ग्राम लश्करपुर एवं हररुखेड़ी का दौरा कर फसलों की क्षति का मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित कृषकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा वास्तविक स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के समय संबंधित किसान, सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर खड़ी फसलों को हुए नुकसान का अवलोकन किया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को राहत देने में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि दो दिवस के भीतर फसल क्षति का सर्वे पूर्ण कर जानकारी तैयार की जाए। साथ ही, राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) के प्रावधानों के अंतर्गत राहत राशि के प्रकरण शीघ्र तैयार कर पात्र किसानों को समय पर सहायता राशि वितरित की जाए।

## जागरूकता के लिए विद्यार्थियों ने दौड़ाई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल द्वारा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'व्हील्स ऑफ अवेयरनेस (जागरूकता का पहिया) साइकिल अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक अभियान में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और समाज को सकारात्मक संदेश देने का सराहनीय प्रयास किया।

इस साइकिल रैली का शुभारंभ स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल ढोलखेड़ी चौराहे से हुआ। रैली रामलीला चौराह, माधवगंज चौराह, पीतल मिल चौराह, अहमदपुर चौराह, दुर्गा नगर चौराह, क्रांति चौक, विवेकानंद चौराह होते हुए पुनः रामलीला चौराह से गुजरकर विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता, शिक्षा के महत्व, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा एवं प्रदूषण मुक्त परिवहन जैसे अहम विषयों पर जागरूकता संदेश दिए। मार्ग में जगह-जगह शहरवासियों ने तालियों और उत्साह के साथ विद्यार्थियों का स्वागत कर उनका मनोबल बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति रुचि, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। साइकिल जैसे प्रदूषण रहित साधन को अपनाने का संदेश भी इस रैली के माध्यम से प्रभावी ढंग से दिया गया।

## गाय पर क्रूर हमला, गांव के युवक ने पेट में मारा बल्लम, गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



तहसील क्षेत्र के ग्राम पौनिया में गांव के ही एक युवक द्वारा एक गाय पर जानलेवा हमला कर दिया गया।

आरोपी युवक ने गाय के पेट में बल्लम घोंप दिया, जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई,गाय के मालिक जगदीश ने बताया कि उनकी गाय को गांव में रहने वाले कल्लू नामक युवक ने अचानक पेट में बल्लम मार दिया। हमले के बाद गाय दर्द से तड़पने लगी और उसकी हालत नाजुक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित पशुपालक ने तत्काल पशु चिकित्सालय ग्यारसपुर से 1962 वाहन बुलवाया, जिसके माध्यम से डॉक्टरों द्वारा घायल गाय का उपचार कराया गया। घटना से आक्रोशित गाय मालिक जगदीश ने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस थाना ग्यारसपुर में शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अमानवीय घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस घटना से ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश है, पुलिस ने बीएनएस की धारा 325 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अनुशासन और देशभक्ति का प्रदर्शन कर निकाली गई रैली

# सद्भावना रैली निकालकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि, जिसे देश शहीद दिवस के रूप में मनाता है, के अवसर पर ओलंपस हाई स्कूल एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सद्भावना रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के सभी अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी एवं प्राची रघुवंशी ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के बलिदान को स्मरण करने और नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से यह रैली निकाली गई। रैली में स्कूल बैंड दल एवं एनसीसी के विद्यार्थी सबसे आगे चल रहे थे। देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति और हाथों में देशप्रेम से ओतप्रोत संदेशों की तख्तियां लिए छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक अनुशासनबद्ध ढंग से आगे बढ़ते रहे, जिसे नगरवासियों ने खूब सराहा। रैली माधवगंज से प्रारंभ होकर गांधी प्रतिमा नीमताल पर समाप्त हुई, जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला एवं गुलाब के पुष्प अर्पित किए गए। ठीक प्रातः 11 बजे रैली के दौरान दो मिनट का मौन रखकर सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।




मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। रैली में विधायक मुकेश टंडन, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, शिक्षाविद, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 51 लाख के भवन में घटिया सामग्री उपयोग, सरपंच ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

ग्यारसपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरागोसाई में लगभग 51 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच पृथ्वीराज मीणा ने ठेकेदार पर घटिया एवं मानक से कम गुणवत्ता की सामग्री उपयोग करने का आरोप लगाया है।

सरपंच का कहना है कि सरकार की मंशा ग्रामीण क्षेत्रों में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की है, ताकि ग्रामीणों को उपचार के लिए दूर न जाना पड़े। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत स्तर पर उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन पूरागोसाई में यह निर्माण कार्य शुरू से ही सवालों के घेरे में है।

उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य निर्धारित ड्राइंग और मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, जिससे भवन की मजबूती पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यदि यही स्थिति रही तो यह भवन भविष्य में जल्द ही क्षतिग्रस्त हो सकता है और शासन का लाखों रुपये का नुकसान होगा। सरपंच ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग के संबंधित इंजीनियर महीनों तक निर्माण स्थल का निरीक्षण करने नहीं पहुंचते, जिससे ठेकेदार मनमर्जी से कार्य कर रहा है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराकर दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3140
उच्चतम भाव-6510
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7130
चना
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-5710
मसूर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-7750
ज्वार
न्यूनतम भाव-7100
उच्चतम भाव-7100
मक्का
न्यूनतम भाव-1440
उच्चतम भाव-1651
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3775
धान
न्यूनतम भाव-1520
उच्चतम भाव-4060
धनिया
न्यूनतम भाव-8520
उच्चतम भाव-8950
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7610
गेहूं
न्यूनतम भाव -2222
उच्चतम भाव- 3050
जौ
न्यूनतम भाव-1320
उच्चतम भाव-1320
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3755
मूंग
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6000
तुअर
न्यूनतम भाव-7920
उच्चतम भाव-8000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 17227 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## सुबह की पाली में स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

# सुबह 6-7 बजे विजिबिलिटी कम होने से वाहन चालक हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

शुक्रवार को सुबह नगर सहित आसपास के क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। सुबह 6 से 7 बजे के बीच विजिबिलिटी मात्र 10 से 20 मीटर रह गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। सर्दी का असर इतना तेज रहा कि सुबह के समय पत्तों पर ओस की बूंदें जमी सी नजर आईं। उधर मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने आगामी 3 फरवरी को फिर से मावठा बरसने के संकेत दिए हैं।





उल्लेखनीय है कि पिछले तेज सर्दी के बाद अचानक तापमान में उछाल आया था और फिर गत दिवस मावठे की अच्छी बारिश हो गई थी। इस बारिश के बाद से ही शीतलहर से तापमान में गिरावट आ गई और अब घना कोहरा छाने लगा है। शुक्रवार की सुबह भी इलाका घने कोहरे में रहा। जिससे सुबह के समय दृश्यता 20 मीटर से भी कम रही और सुबह 10 बजे तक भी कोहरे का असर ऐसा रहा कि 50 मीटर दृश्यता बनी रही। इसके चलते वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्हें लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े। उधर तेज सर्दी और घने कोहरे ने जहां अधिकांश लोगों को घरों में कैद रखा, वहीं स्कूली विद्यार्थियों, कामकाजी नागरिकों को पूरी तरह गर्म कपडों में लिपटकर परेशानी उठाते हुए अपने स्कूल और काम पर जाना पडा। नगर सहित गांवों में भी सुबह से ही अलाव जलाकर लोग सर्दी से राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। वहीं बाजार में भी सुबह से दोपहर तक शीतलहर और कोहरे के कारण सन्नाटा सा पसरा रहा। इस बीच उत्तर भारत में भारी बर्फबारी जारी है और इससे इलाके में शीतलहर जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। दूसरी ओर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 4 फरवरी तक इलाके में आसमान पर बादल छाए रहने के संकेत दिए हैं। इन बादलों से 3 फरवरी को मावठा बरसने की भी संभावना है। जबकि इन वेबसाइटों ने इस दौरान इलाके का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियश और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियश तक बना रहने की संभावनाएं व्यक्त की हैं।



## सर्प मित्र ने 8 फिट के अजगर को पकड़कर जंगल में सुरक्षित छोड़ा



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को दोपहर के समय ग्राम ललोई की बस्ती के पास एक बड़ा अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। भारी-भरकम अजगर को देखते ही लोग दहशत में आ गए और तुरंत इसकी जानकारी डायल 112 को दी। खबर मिलते ही डायल 112 की टीम गांव पहुंची। पुलिस ने सर्प मित्र करण को सूचना दी जिसके बाद वह गांव पहुंचे और अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया गया। गनीमत रही कि समय रहते सूचना मिल गई और किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सर्प मित्र करण ने बताया कि पकड़े गए अजगर की लंबाई लगभग करीब 8 फीट है।

अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह रात के समय जंगल या खेतों के रास्ते से भटककर रिहायशी इलाके में घुस आया होगा। पकड़ने के बाद अजगर को एक बोरी में भरकर सावधानी से शहर थाने लाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इतना बड़ा अजगर देखकर वे बुरी तरह डर गए थे। किसी जानकार का नंबर न होने की वजह से उन्होंने पुलिस की मदद ली। शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि अजगर फिलहाल सुरक्षित है और उसे वन विभाग की टीम ने जंगल में छोड़ दिया है।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

शुक्रवार दोपहर जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें मतदाता सूची में अल्पसंख्यक मतदाताओं के नामों पर अनावश्यक आपत्तियां लगाए जाने की शिकायत की गई। विभाग ने इन आपत्तियों को मतदाताओं के लिए परेशानी का कारण बताया। अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष और वार्ड क्रमांक 19 के पूर्व पार्षद अंसार मंसूरी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 19 में 29 और वार्ड क्रमांक 22 में 48 अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम पर आपत्ति लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि ये मतदाता लंबे समय से गंजबासौदा में ही निवास कर रहे हैं।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई 350 मरीजों की जांच



**गंजबासौदा।** त्योंदा के शासकीय अस्पताल में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनन्द पुर के नेत्र चिकित्सक डॉ. गोलू सेन, अरविन्द नोडीया एवं अस्पताल के नेत्र सहायक ने लगभग 350 लोगों के नेत्रों की जांच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्ट की सराहना की और बताया की वर्ष भर में ट्रस्ट द्वारा 52 हजार से अधिक ऑपरेशन किये जाते है उक्त शिविरों का संचालन रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में किया जाता है। इस मौके पर कैंप प्रभारी मिलन बघेल, संतोष नामदेव, विशाल कुर्मी, कौशल कुशवाह ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर में 75 मरीजों को मोतियाबिन्द चिन्हित किया गया एवं 170 लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। 60 मरीजों के चश्मे का नंबर निकाला गया, 45 लोगों को चश्मे प्रदान किये गए। इस दौरान अस्पताल के समस्त स्टॉफ, पैरा मेडिकल स्टाफ ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## कैरियर या विषय का चुनाव रुचि प्रधानता हो: कद्रे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

शुक्रवार को शासकीय फ्रीगंज हाई स्कूल में कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए फ्री करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षाविद दिनकर कद्रे ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्हें कक्षा 10 के बाद विषय चयन में स्वयं की रुचि और अभिरुचि का ध्यान रखकर आगे बढ़ने प्रेरित किया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य सुनीता पाराशर के प्रारंभिक उद्बोधन से हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन सुनीता दिवाकर ने किया।



कार्यक्रम में शिक्षक प्रकाश व्याग्रे ने एग्रीकल्चर क्षेत्र में छात्रों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं और करियर के संबंध में बात की। मुख्य वक्ता दिनकर कद्रे ने बच्चों को सहज सरल भाषा में कक्षा 11 से चयनित विषयों की प्रासंगिकता को समझाते हुए बताया कि कक्षा 10 के बाद यदि छात्र चाहे तो आईटीआई या अन्य डिप्लोमा प्राप्त कर रोजगार के अवसर खोज सकते हैं। बाकी आगे पढ़ने वाले छात्र अपनी रुचि के अनुसार गणित संकाय, विज्ञान, कॉमर्स संकाय, आर्ट्स, व्यावसायिक एवं कृषि के क्षेत्र में प्रवेश ले सकते हैं। इस दौरान बहुत ही छोटी-छोटी बातों के माध्यम से बच्चों को विषय चयन के लिए प्रेरित किया गया। कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में संस्था परिवार से शिक्षक श्रवण साध्य, जितेंद्र रघुवंशी, सविता साहू, ममता सेंगर और मनीषा दिवाकर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### फैशल प्वाइंट और डी स्टार ने जीत दर्ज की



**गंजबासौदा।** तारण तरण जैन पाठशाला परिसर में चल रहे विधायक कप बीपीएल सीजन 6 में शुक्रवार को तीन मैच खेले गए। जिसमें से पहला मैच सुनारी टाइगर्स और फैशन प्वाइंट के बीच हुआ। जिसमें फैशन प्वाइंट ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। दूसरा मैच डी स्टार और आर्यन स्टोन के बीच हुआ। जिसमें डी स्टार ने 43 रन से जीत दर्ज की। तीसरा मैच अनंत 108 और श्री बिहारी जी ट्रेडर्स के बीच हुआ। जिसमें श्री बिहारी ट्रेडर्स ने 7 विकेट के जीत दर्ज की। विजेता टीमों एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों को मैचों के बाद पुरस्कृत किया गया। इस दौरान तारण तरण जैन पाठशाला ग्राउंड बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।

### रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में पं प्रेमभूषण के श्रीमुख से श्रीराम कथा का आयोजन आज से

**सागर।** रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में श्रीराम कथा एवं प्राण-प्रतिष्ठा के सात दिवसीय महाआयोजन का भव्य शुभारंभ आज 31 जनवरी को दोपहर दो बजे श्रीराम कथा के निष्णात और प्रसिद्ध विद्वान पं प्रेमभूषण जी महाराज के सानिंध्य में होगा। इस आयोजन के मुख्य यजमान पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने व्यवस्था से जुड़े सभी सेवादारों की संयुक्त बैठक लेकर इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की। आयोजन के लिए रुद्राक्ष धाम मंदिर परिसर और इसके सामने स्टेडियम स्थित विशाल पंडाल समेत संपूर्ण आयोजन स्थल अयोध्या जी की तरह सजाया गया है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने तैयारियों के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि इस आयोजन के लिए हम सभी ने डेढ़ माह से परिश्रम किया है। अब आगामी सात दिन हम सभी की परीक्षा का समय होगा जिसमें हम सभी को बिना किसी त्रुटि के सफल होना है।

### चौरावर शाला के अंश यादव का मॉडल राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित



**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम चौरावर के विद्यार्थी अंश यादव कक्षा 7 के विज्ञान मॉडल का ब्लॉक, जिला स्तर पर चयन के पश्चात गुरुवार को भोपाल में संभाग स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में संभाग से चयन हुआ है। अब अंश यादव का वाटर सरकुलेशन मॉडल राज्य स्तर पर अपने विद्यालय एवं जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं छात्र के मार्गदर्शक विज्ञान शिक्षक संजीव रघुवंशी ने बताया कि विद्यालय के लिए यह गौरव की बात है कि उनके विद्यालय के छात्र का चयन राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसके पूर्व भी माध्यमिक विद्यालय चौरावर को स्वच्छ विद्यालय का एवं लोक शिक्षण संचनालय भोपाल से विद्यालय के सौंदर्यकरण एवं सुदृढ़ीकरण का पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। छात्र की इस उपलब्धि के लिए ग्रामवासियों ने विद्यालय के शिक्षकों और छात्र को बधाई प्रेषित की है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजाराम अहिरवार, अनिल शर्मा, भुवनेश्वर शर्मा, छाया, उमाशंकर विश्वकर्मा, छात्र के माता-पिता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

शुक्रवार को ब्लॉक नगर कांग्रेस परिवारजनों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धाभाव के साथ मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने गांधी चौक पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक निशंक जैन, मो अदनान, रवि तिवारी, सुनील बाबू पिंगले, बीडी शर्मा, विकास शर्मा, इसरार खान, संतोष अहिवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

**गंजबासौदा।** गत दिवस एक स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता डॉ. एके जैन प्रांतीय अध्यक्ष मानव अधिकार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संगठन (भारत) ने की। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं कांग्रेस नेता कैलाश नारायण सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## कार्यक्रम के दौरान पोस्टर विमोचन किया

# विकासखंड पखवाड़े में हुआ विचार विमर्श



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम विकास की अवधारणा को जन-जन तक पहुँचाना तथा समाज की सक्रिय सहभागिता से आत्मनिर्भर ग्राम की दिशा में सार्थक संवाद स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व केंद्रीय सहमंत्री एवं विश्व हिंदू परिषद राजेश तिवारी उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव, रक्त सेवा समिति के अध्यक्ष शुभेन्द्र सिंह राजपूत, शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार ठाकुर, पूर्व प्राचार्य डॉ मणिमोहन मेहता, डॉ विजय शाक्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था माँ शीतला ह्यूमन डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के हजारीलाल पाटस्कर, जगदीश साहू, ऋतु दांगी, गोपाल मिश्रा, सीमा शर्मा सहित विभिन्न ग्राम विकास समितियों के सदस्य, एमएसडबल्यू बीएसडबल्यू के छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के मूल बिंदुओं, ग्राम स्वावलंबन, सामाजिक सहभागिता, युवाओं की भूमिका, महिला सशक्तिकरण एवं स्वदेशी अपनाने पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए गए। वक्ताओं ने कहा कि जब समाज स्वयं आगे बढ़कर विकास की जिम्मेदारी लेता है, तभी स्थायी एवं समावेशी विकास संभव हो पाता है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास पखवाड़ा से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया गया तथा उपस्थितजनों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ग्राम विकास केवल शासकीय योजना नहीं, बल्कि सामाजिक संकल्प है। समग्र रूप से यह कार्यक्रम जन-भागीदारी, विचार-विमर्श एवं प्रेरणा का सशक्त मंच सिद्ध हुआ, जिसने "ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश" अभियान को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान की। इस दौरान अमित शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वेदांत आश्रम के विद्यार्थी का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा भोपाल में आयोजित अधिराज्य स्तरीय शास्त्रीय प्रतियोगिता के अंतर्गत भगवद्गीता कंठपाठ स्पर्धा में नगर के जीवाजीपुर स्थित संत जगन्नाथदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वेदांत आश्रम के विद्यार्थी मोहित चौबे ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में मोहित ने ना केवल शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। वह 100 प्रतिभागियों में से एकमात्र ऐसे चयनित प्रतिभागी थे जिन्होंने निर्णायक मंडल के सामने गीता के श्लोक का वेद सम्मत, शास्त्र सम्मत, शुद्ध उच्चारण के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चयनित होने का गौरव हासिल कर लिया है। अब वह मार्च माह में कांचीपुरम में होने वाली गीता पाठ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि ने मध्यप्रदेश के संस्कृत के गौरव को और सम्मान दिलाया है वहीं वेदांत आश्रम के साथ-साथ नगर और जिले का भी मान बढ़ाया है। इस अवसर पर संस्कृत विद्यालय के संस्थापक रामानंदाचार्य जगद्गुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज, आश्रम के महंत हरिहरदास महाराज सहित ट्रस्ट के सदस्यों ने मोहित की उपलब्धि पर बधाई दी है।



उल्लेखनीय है कि मोहित चौबे संत जगन्नाथदास उत्तर माध्यमिक विद्यालय, वेदांत आश्रम में प्रथमा तृतीय वर्ष के विद्यार्थी हैं। भोपाल में गत 29 और 30 जनवरी तक आयोजित हुई अधिराज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के चयनित एवं श्रेष्ठ विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें वेद संस्कृत व्याकरण को लेकर विभिन्न तरह की 62 प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। संत जगन्नाथदास वेदांत आश्रम के विद्यार्थी मोहित चौबे का मूल्यांकन गीता के श्लोकों का कंठस्थ पाठ, शुद्ध उच्चारण, व्याकरणिक शुद्धता, स्वर-संयोजन, भावबोध एवं शास्त्रीय अनुशासन के आधार पर मकिया गया। प्रश्न उत्तर सत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के व्याकरण विभागाध्यक्ष डॉ. बृजभूषण ओझा, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के ज्योतिष विभागाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला, अयोध्या से प्रो. महेशचंद्र दास सहित विद्वानों की टीम ने भगवद्गीता से संबंधित गहन प्रश्न पूछे और मोहित के जवाबों से संतुष्ट हुए। पुरस्कार वितरण समारोह में वैदिक संस्कृत विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलगुरु प्रो. डॉ. शिवशंकर मिश्रा, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एवं भोपाल से अमित पांडे, प्रतियोगिता संयोजक एवं व्याकरण विभाग संयोजक सुबोध कुमार शर्मा की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में प्रस्तुति के दौरान 25 मिनट तक मोहित चौबे से भगवद्गीता के श्लोक, प्रस्तुतीकरण के शुद्ध उच्चारण पर सवाल जवाब हुए एवं पूर्ण आत्मविश्वास के साथ मोहित चौबे ने प्रश्न उत्तर सत्र में निर्णायक मंडल द्वारा श्लोकों के अर्थ, व्याकरणिक संरचना और भावात्मक संदर्भों पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूरे संयम, स्पष्टता, शास्त्रसम्मत ढंग से दिए।

## महापौर परिषद की बैठक सम्पन्न, विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत लिए गए निर्णय

# एलीवेटेड कॉरीडोर का नाम अटल पथ करने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



महापौर परिषद की बैठक महापौर संगीता सुशील तिवारी की अध्यक्षता में एम आई सी सदस्यों एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में आयोजित की गई। जिसमें नगर विकास एवं सौन्दर्यीकरण के साथ ही निगम की आय बढ़ाने के महत्वपूर्ण विषयों पर सभी सदस्यों द्वारा चर्चा उपरांत निर्णय लिए गए हैं। बैठक में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने सुझाव दिया कि एलीवेटेड कॉरीडोर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के नाम पर अटल पथ किया जाये जिसपर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। म.प्र.शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र अनुसार हाथ ठेला/फेरी वाले रेहड़ी वालों की पंचायत में मुख्यमंत्री की घोषणा के दिशा निर्देशानुसार शहर में हाकर्स जोन प्रस्तावित किये गये। इस हेतु विभिन्न स्थानों पर हाकर्स जोन एवं दर प्रतिमाह प्रस्तावित की गई। बाजार विभाग द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर हाकर्स जोन स्थापित किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस संबंध में महापौर संगीता सुशील तिवारी एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहे जैसे शीतलामाता मंदिर, वंदे मातरम चौक, संविधान चौक सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर अगर जगह है तो ऐसे स्थानों को भी हाकर्स जोन बनाने के लिये जगह चिन्हित करने हेतु एक सप्ताह में कार्यवाही की जाये तथा चिन्हित किये गये सभी स्थानों की वीडियोग्राफी भी कराई जाये। हाकर्स जोन के लिये न्यूनतम दर रू. 1000/- निर्धारित करने की अनुशंसा सहित विषय को परिषद में भेजे जाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में एम आई सी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने भी सुझाव दिये। प्रोजेक्ट मैनेजर एम.पी.यू.डी.सी. सागर का पत्र के पत्रानुसार पैकेज 6-बी अंतर्गत नगर निगम सागर, नगर पालिक मकरोनियाँ जलप्रदाय उन्नयन योजना के अंतर्गत घरेलू नल कनेक्शनों के संयोजन के लिये टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा की गई गणना पत्रक अनुसार विभिन्न पाईप लाईनों की साइज अनुसार नल कनेक्शन के संयोजन की राशि लिये जाने के संबंध में दरों के निर्धारण करने हेतु निर्णय लिया गया कि टाटा प्रोजेक्ट द्वारा प्रस्तावित दरें अधिक होने के कारण एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया जो एक सप्ताह में जलप्रदाय विभाग एवं टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर दरों का निर्धारण करेगी।निर्माणाधीन डी.डी. काम्पलेक्स कटरा बाजार सागर की शेष दुकानों के आवंटन हेतु ई-निविदा जारी की गई। जिसमें दुकान क्रमांक 10 प्रथम तल आफसेट वीरेन्द्र जैन एवं दुकान कमांक 18 भू-तल पर कमलाबाई जैन के उच्चतम आफर को अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु निगम परिषद में भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच.पी. घटक मेनपानी आवास निर्माण एजेंसी मोन्टो कार्लो लिमिटेड अहमदाबाद के आवेदन अनुसार मेनपानी प्रोजेक्ट के क्षतिग्रस्त भवनों का आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु महापौर परिषद प्र.क. 18 18.03.2025 में आंशिक संशोधन करते हुए कनेरादेव भवनों एवं महापौर परिषद पुष्टि की प्रत्याशा में जमा राशि मेनपानी के भवनों, में मरम्मत कार्य आवश्यक होने के कारण आश्रय शुल्क की जमा राशि से रू. 2 करोड़ बिना ब्याज के ऋण के रूप में लेकर मेनपानी आवास योजना का भी नियमानुसार भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, विषय की पुष्टि की गई।

कलेक्टर के आदेशानुसार दै.वे.भो. कर्मचारियों के मासिक एवं दैनिक वेतन की दरों में वृध्दि की गई। अतः निगम में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी / मस्टर कर्मचारियों को आदेशानुसार बढी हुई दरों से वेतन दिये जाने की महापौर परिषद पुष्टि की प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान गई महापौर परिषद द्वारा पुष्टि प्रदान की गई।अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र.भोपाल के निर्देश अनुसार किसी भी नगरीय निकाय में ठोस अपशिष्ट परियोजना अंतर्गत लीगेसी वेस्ट एवं अन्य कचरा 30.06. 2026 के पूर्व निष्पादन कराया जाये। लगभग 70 हजार से 80 हजार मीट्रिक टन कचरा निष्पादन हेतु अल्पकालीन निविदा बुलायी जाना है। कार्य आवश्यक होने से महापौर परिषद पुष्टि की प्रत्याशा में अल्पकालीन निविदा जारी करने की स्वीकृति दी गई एम आई सी द्वारा विषय की पुष्टि की गई। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल का पत्र अनुसार मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत नगर निगम सागर में पार्क एवं खेल मैदान का निर्माण कार्य हेतु राशि रू. 5.98 करोड़ की सैध्दांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। महापौर परिषद पुष्टि की प्रत्याशा में सक्षम स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रित करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

# गुना के भजन गायक अंकित जैन ने दी सुंदर भजनों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



श्री 1008 मुनि सुब्रतनाथ जिनालय छतरी मंदिर में भव्य कार्यक्रम परम पूज्य समाधिस्थ आचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागर महा मुनिराज के एवं नव आचार्य श्री समय सागर जी के परम प्रभावक शिष्य राष्ट्रसंत तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि पुगंव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं परम पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज जी के एवं प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी लल्लन भैया जी जबलपुर के मंगल सानिध्य में हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में मंगलवार की प्रातः बेला में श्री जी की शोभायात्रा पूज्य मुनि श्री के सानिध्य में एवं श्री जी का अभिषेक शांति धारा परम पूज्य समाधिस्थ आचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के चरणों का 108 कलशों द्वारा अभिषेक किया गया। साथ ही आचार्य छतीसीविधान एवं पूज्य मुनि श्री के मंगल प्रवचन और जगत पूज्य सुधासागर जी के आशीर्वाद से मंदिर जी का निर्माण कार्य चल रहा। जगत पूज्य की जहां कृपा हो जाती है वहां सोना बरसाना शुरू हो जाता है इसके पश्चात मंदिर जी के चल रहे हैं निर्माण कार्य को गति देने के लिए सकल दिंगबर जैन समाज के पुण्यर्ज़ाको ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया और रात्रि में एक शाम पूज्य गुरुदेव के नाम भजन संध्या में गुना से पधारे अंकित जैन द्वारा भजनों बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन व समाज के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष जिनेंद्र कुमार कोटा, मंत्री सुनील जैन, नेमीचंद, नरेंद्र जैन हवेली, छतरी जैन मंदिर के अध्यक्ष अतुल जैन, विजय जैन, कपिल जैन, कैलाश जैन बाड़ी, रमेश जैन मिट्या, विनोद जैन दालमील, विमलेश जैन गुलाबगंज, अनुराग जैन,अंकुर जैन, डॉ राजीव जैन, धर्मेंद्र जैन पार्षद,सौरभ जैन गुलाबगंज आदि मौजूद थे।

### समाजसेवी किशोरी लाल पटेल पहुंचे संस्कार सेना कार्यालय



**सिरोंज।** राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका एवं पहचान रखने वाले वरिष्ठ समाजसेवी किशोरी लाल कुशवाह को जब माता-पिता के सम्मान में समर्पित संस्कार सेना के बारे में प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सिंह से जानकारी मिली तो उन्होंने संस्थापक हरभजन जांगड़े एवं राष्ट्रीय मुख्य सचिव अलका धुर्वे से कार्यालय में मिलने की इच्छा जताई। विगत महीने भर से प्रयास करते करते आखिरकार वह संस्कार सेना के राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे। जहां के वातावरण से ही वह इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने मातृशक्ति को प्रथम पूज्य मानते हुए सर्वप्रथम राष्ट्रीय मुख्य सचिव अलका धुर्वे को पगड़ी साफा पहनाकर सम्मान करते हुए आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात संस्थापक हरभजन जांगड़े एवं संरक्षक जन संवेदना कल्याण समिति के अध्यक्ष समाज सेवी वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम अग्रवाल एवं बेरसिया से पत्रकार दिनेश भार्गव का साफा पहनाकर का भी सम्मान किया। वही प्रदेश प्रवक्ता भोपाल से गायक कर्मवीर सिंह ने जैसी करनी वैसी भरनी जैसी प्रस्तुति देखकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर संस्थापक हरभजन जांगडे ने किशोरी लाल कुशवाह का मेडल एवं वस्त्र व फूलमाला पहनाकर सम्मान किया तथा संस्था के प्रति उनके समर्पण एवं सामाजिक अनुभव को देखते हुए उन्हें संरक्षक मनोनीत किया। कार्यक्रम के अंत में राधेश्याम अग्रवाल द्वारा जन संवेदना कल्याण समिति की ओर से भगवान श्री राम का छायाचित्र प्रतिमा के रूप में भेंट किया। हालांकि भगवान श्री राम के छायाचित्र भेंट करने का सिलसिला उनकी संस्था के 21 वर्ष पूर्ण होने पर शुरू किया जो अनंत समय तक जारी रहेगा।

### सांदीपनि विद्यालय में 5 दिवसीय कॅरियर मेले का आयोजन



**सिरोंज।** सांदीपनि विद्यालय में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक कॅरियर मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में तृतीय दिवस में शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ युवराज,महेश चंद्र परमार,सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कालेज भोपाल से अरुण मालवीय ने विद्यालय के छात्र एवं छात्राओ का कैरियर से संबंधित समस्याओं का समाधान किया। इसी क्रम में कैरियर मेले के चतुर्थ दिवस 30 को कैरियर मेले में विद्यालय के पूर्व छात्र नेपेंद्र चौरे जो विद्यालय के सत्र 2006-07 में गणित संकाय का दिव्यांग छात्र रहा है जो वर्तमान में पेरा एथलेटिक्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश का कोच मैनेजर है और पेरा ओलंपिक के विदिशा जिले के जिला सचिव के पद पर आसीन है। इनके साथ ही रवि विश्वकर्मा जो सत्र 2014-15 में विद्यालय के कला संकाय के छात्र रहे।

# भरत के भारत का भविष्य देखकर नींद हो रही गायबः हार्दिक



**सिरोंज।** ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी से विशेष चर्चा में कहा कि भगवान ऋषभ देव भगवान के पुत्र भरत महाराज के नाम से देश का नाम भारत रखा गया। भविष्य खूब अत्यंत उजला था। लेकिन जैन धर्म के अनुआईओ को देश के प्रति समर्पण, सत्कार और विकास की भावना जो देश को छोड़ के अब ख़ुद के प्रति हो गई। टैक्स भरना है, लेकिन गई गुना ज़्यादा कमाके स्वार्थ की भूमिका ने बहुत बड़ा नुकसान कर दिया। सब से ज़्यादा टैक्स भरने वाले का आज अस्तित्व क्या है। उन्होने कहा कि समाज को हमेशा कुछ ना कुछ देने वाले का आज ख़ुद का स्थान कहा है जरा सोचो। गर्व के साथ कहता हूँ की भामाशाह हमारे आदर्श थे, प्रेरणा थे महाराणा प्रताप दिखे नहीं की भामासा तैयार थे। आज परिस्थिति पूरी अलग है। कोई देश के लिए यदि लड़ता है तो वो भी हम सभी की सलामती के लिए लड़ता है। तब सिर्फ हम दो शब्द मीठे बोल देते है। लेकिन हमारी भलाई के लिए लड़ने वाले को कुछ हो जाता है तो हम भामाशाह ना बन के महा स्वार्थी बन जाते है और मुंह से निकल जाता है की किसने कहा था की उनके खिलाफ बोलना ऐसे स्वार्थी लोग पर जब ख़ुद पर बीतेगी तब मालूम पड़ेगा की जो हमारे लिए, हमारी रक्षा के लिए लड़ता था वो हमारा रक्षक था लेकिन आप को जब ये बात मालूम पड़ेगी तब ऐसा ना हो की आप ने सिर्फ़ कमाने में ही ध्यान रखा था। जो ना आप भुगत सके ना आपका परिवार आप का सब कुछ चला जायेगा, कोई और के पास चला जाएगा , तब आप क्या करोगे। आप सिर्फ़ दो मिनिट का समय निकालकर सोचो की आप का भविष्य क्या होगा। कितना बड़ा देश था मेरा भारत और आज परिस्थिति और भी ख़राब आये उसके पहले सम्हल जाओ वरना आप सोच भी नहीं सकते की आप का हाल कहीं बंगला देश से भी ज़्यादा ख़राब ना हो जाए जैन धर्म के अनुआइओ,सिर्फ़ पैसा कमाने के चक्कर में कई भविष्य तो अंधकारमय नहीं बना रहे हो। आप का कमाया हुआ और कोई खा जायेगा, जो आप सोच भी नहीं सकते। भारत पाकिस्तान का जब दो भाग हुए तब किस पोजिशन में भारतीय नागरिको को भाग के आना पड़ा था। वो परिस्थिति को याद करो जो भी कमाया हुआ था सब छोड़ के आना पड़ा। यदि हम ऐसी परिस्थिति वापस लाना ना चाहते हो तो अब भामाशाह बनने का समय आ गया है। अब महाराणा प्रताप को हमे जन्म देना होगा। हमे देखना है की कौन हमारे देश के लिए लड़ा जो लड़ रहा है उनको कोई भी तकलीफ़ ना हो वो हमें देखना है।

### आनंद उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया

**ग्यारसपुर।** तहसील मुख्यालय स्थित मैदान में खंड स्तरीय आनंद उत्सव का भव्य समापन हुआ। कबड्डी, खो-खो, रस्सा कसी और दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में खंड के विभिन्न विद्यालयों की टीमें भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा। आयोजन में नोडल अधिकारी बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार, पंचायत इंस्पेक्टर महेश कुशवाहा सहित अन्य अधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही। अतिथियों ने खेलों से बच्चों में अनुशासन और शारीरिक विकास पर जोर दिया।

### 2 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, दी विदाई पार्टी

**कुरवाई।** तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी दयालाल विश्वकर्मा एवं नारायण बाबू अपने शासकीय सेवा काल से सेवानिवृत्त हो गए। तहसीलदार नागेश पवार, नायब तहसीलदार देवदीप सिंह गोड़ की उपस्थिति में तहसील कार्यालय के पटवारी एवं अन्य कर्मचारीयों ने दोनों बाबूओं को शाल श्रीफल एवं फूल माला पहनाकर विदाई दी। इस दौरान पटवारी संघ के अध्यक्ष दीपक राजपूत सुनील सूर्यवंशी मौजूद रहे।

### विकासखंड स्तरीय ग्राम विकास पखवाड़ा संपन्न

**विदिशा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड गंजबासौदा द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत ग्राम विकास पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम विकास की अवधारणा को जन-जन तक पहुँचाना और समाज की सक्रिय भागीदारी से आत्मनिर्भर ग्राम का निर्माण करना था। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय सहमंत्री श्री राजेश तिवारी ने ग्राम स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, संस्थाएं, छात्र-छात्राएँ एवं ग्राम विकास समितियों के सदस्य उपस्थित थे। सरस्वती पूजन के साथ शुभारंभ हुए इस कार्यक्रम में ग्राम विकास से संबंधित पोस्टर का विमोचन और स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई। यह आयोजन जन-भागीदारी एवं सामाजिक संकल्प का सशक्त उदाहरण रहा, जिसने अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की।

# जया एकादशी पर मातृशक्ति को समर्पित उदयगिरि परिक्रमा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा आयोजित उदयगिरि परिक्रमा वेंकटेश बालाजी मंदिर से शुरू हुई।

लगभग 21 किमी लंबी इस परिक्रमा का उद्देश्य विदिशा की धार्मिक और पुरातात्विक धरोहर का संरक्षण, विकास और समृद्धि सुनिश्चित करना है। इस वर्ष की परिक्रमा विशेष रूप से मातृशक्ति को समर्पित रही। परिक्रमा के दौरान वृक्षारोपण भी किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया। परिक्रमा में अर्चना शर्मा, सीमा शर्मा, शीतल पुरोहित, भावना दुबे, राधिका कुशवाह, विनीता कुशवाह, ओमवती, हर्षित कुशवाहा, साक्षी कुशवाह सहित सैकड़ों मातृशक्ति ने भाग लिया। परिक्रमा के संचालक पंडित संजय पुरोहित ने इस आयोजन की जानकारी दी। यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बनकर उभरा है।

# अस्पताल में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

शासकीय अस्पताल में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आनंदपुर से आए नेत्र चिकित्सक डॉ. अंकुश पाल, आरपी शुक्ला, नीलम सिंह जादौन एवं नेत्र विभाग की पूरी टीम ने लगभग 252 लोगों के नेत्रों की जांच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी। 65 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, 123 लोगों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, 29 मरीजों का चश्मे का नंबर निकाला गया तथा 35 मरीजों को चश्मे प्रदान किए गए। वरिष्ठ समाजसेवी कौशल कुशवाहा एवं सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्ट की सराहना करते हुए बताया कि ट्रस्ट द्वारा वर्ष भर में 52 हजार से अधिक नेत्र ऑपरेशन किए जाते हैं। शिविर का संचालन रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में किया गया।

### बाल विवाह मुक्त अभियान का प्रचार रथ पहुंचा

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के उन्मूलन को लेकर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रचार रथ ग्यारसपुर पहुंचा। विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में यह प्रचार रथ गांव-गांव भ्रमण कर लोगों को जागरूक कर रहा है। अभियान के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि लड़के की शादी 21 वर्ष और लड़की की शादी 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही करना कानूनन वैध है। बाल विवाह करना अपराध है, जिसमें एक वर्ष तक की सजा एवं दो लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है,प्रचार रथ ग्राम पंचायत ग्यारसपुर, आजीविका मिशन कार्यालय, तहसील परिसर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, पशु चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, संदीपनी विद्यालय, बस स्टैंड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचा।

# कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा मनाई गई। गांधी चौक कुरवाई पर कांग्रेस जानो ने एकत्रित होकर महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किया वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव सुनील बोरसे ने कहा कि महात्मा गांधी हम सबके दिल में मौजूद हैं और आज भी जिंदा हैं। उनके विचार कभी नहीं मर सकते उनके बताए रास्ते पर देश आगे बढ़ रहा है। पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष मजाज मोहम्मद कहा कि गांधी जी हर दिल में जिंदा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष जफर शेख ने आभार व्यक्त किया। श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मप्र बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष बने योगेंद्र राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र बैडमिंटन संघ (एमपीबीए) के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी ए पीएस कुशवाह द्वारा परिणाम घोषित किए गए। चुनाव की खास बात यह रही कि पांच उपाध्यक्षों में विदिशा निवासी योगेंद्र सिंह राणा का चयन हुआ, जिससे पहली बार विदिशा को प्रदेश की बैडमिंटन कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है।

गिरीश केमकर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए जय सिंह, आलोक खरिया, अजय सोनी, योगेंद्र सिंह राणा एवं प्रवीण वशिष्ठ चुने गए। सचिव पद पर अनिल के. चौघुले तथा कोषाध्यक्ष पद पर दीपक श्रीवास्तव निर्वाचित हुए। इसी प्रकार संयुक्त सचिव के रूप में जावेद खान, चन्द्रेश खरे एवं गणेश प्रसाद मालवीय को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी समिति के सदस्यों में लोकनाथ तिवारी, दिलीप महाजन, गोपाल शेखर, अरुण राघुवंशी, राजेन्द्र सोनी, दीप सिंह, मोहम्मद इश्तियाक, खुर्शीद अहमद नियाजी एवं रमेश भोयर शामिल हैं।

### माल्यार्पण कर मनाई राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि



**नटेरन।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नटेरन द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि माल्यार्पण कर मनाई गई। इस दौरान जिला पंचायत में नेता प्रतिपक्ष जिला पंचायत सदस्य चेतन विक्रम सिंह, वरिष्ठ नेता रमेश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष शरद शर्मा, नीलेश रघुवंशी, महेश दुबे, ओम प्रकाश जाटव, बाबूलाल सेन, राम सेवक रघुवंशी , लखन रघुवंशी आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# 200 मैदानी कर्मचारियों को मिला विद्युत सुरक्षा और सीपीआर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बिजली कंपनी के विदिशा वृत्त अंतर्गत विद्युत व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं दुर्घटनारहित बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में प्रतिमाह मैदानी कर्मचारियों के लिए विद्युत सुरक्षा, 33 के.वी. एवं 11 केवी लाइनों पर मेंटिनेंस कार्य की सावधानियां, विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपाय तथा जीवन रक्षक तकनीकों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण अनुभवी एवं प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा आधुनिक ऑडियो-विजुअल माध्यमों और वीडियो प्रेजेंटेशन की सहायता से प्रदान किया जा रहा है, ताकि कर्मचारियों को जमीनी परिस्थितियों में कार्य करते समय संभावित जोखिमों से निपटने की व्यावहारिक समझ मिल सके। प्रशिक्षण में विशेष रूप से सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) तकनीक का अभ्यास कराया जा रहा है, जिससे आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सके। अक्टूबर 2025 से जनवरी 2026 की अवधि में आयोजित 4 प्रशिक्षण कार्यशालाओं में कुल 200 मैदानी कर्मचारियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह पहल न केवल कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ा रही है, बल्कि विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन को भी सुदृढ़ कर रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी महीनों में शेष कर्मचारियों को भी चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे संपूर्ण कार्यबल को आधुनिक सुरक्षा तकनीकों से सुसज्जित किया जा सके। यह अभियान विद्युत दुर्घटनाओं में कमी लाने दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आगामी हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू एवं पारदर्शी आयोजन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

इस अवसर पर एनआईसी वीसी कक्ष विदिशा में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एस.पी. जाटव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि विदिशा जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 75 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। सभी केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्षों का चयन जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन उपरांत एनआईसी के माध्यम से रेंडम प्रक्रिया द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। पर्यवेक्षकों का चयन भी रिजर्व सहित कर लिया गया है।

### मूल्यांकन व्यवस्था

मूल्यांकन कार्य के लिए 4 मास्टर ट्रेनरों की नियुक्ति की गई है। नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण 3 फरवरी 2026 को होगा, जिसके पश्चात जिले के मूल्यांकनकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### 75 परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधियों नियुक्त

सभी 75 परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति कर आदेश जारी कर दिए गए हैं। कलेक्टर प्रतिनिधियों का मोबाइल एप पर पंजीयन कराया जा रहा है, जिसके लिए वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लिंक भेजी गई है। कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण 31 जनवरी 2026 तथा केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्षों का प्रशिक्षण 4 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी हेतु कुल 18 निरीक्षण दल गठित किए गए हैं। 3 संवेदनशील एवं 8 अतिसंवेदनशील केंद्रों पर पुलिस बल की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजे गए हैं। नकल रोकने के लिए विकासखंड एवं जिला स्तर पर निरीक्षण दल सक्रिय रहेंगे। प्रश्नपत्र वितरण हेतु रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है तथा गोपनीय सामग्री के परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षा अवधि में विकासखंड एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जो निरंतर समन्वय बनाए रखेंगे। सोशल मीडिया पर अफवाहों पर रोक के लिए साइबर क्राइम टीम को भी अलर्ट किया गया है।

### बीते 10 महीने में एक भी लोन मंजूर नहीं, युवाओं के आत्मनिर्भर बनने के सपने अधर में

# सरकार की मंशा को लग रहा पलीता डेयरी उद्योगों को नहीं मिल रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सरकार जहां डेयरी उद्योग को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रही है। वहीं जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु डेयरी उद्योग योजना शुरू की है। लेकिन जिले में यह योजना अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाई है।

जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस योजना के तहत 33 प्रतिशत सब्सिडी देने का भी प्रावधान है। इस डेयरी उद्योग योजना में 42 लाख रूपये का लोन दिया जाता है। इस वर्ष 22 हितग्राहियों के लोन प्रकरण भेजने का लक्ष्य पशु पालन डेयरी उद्योग विभाग द्वारा निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य के तहत 137 ऑफ लाइन आवेदन आए थे, लेकिन राज्य स्तरीय छानबीन समिति ने 22 हितग्राहियों के ही लोन प्रकरण मंजूर किए हैं, बाद में बैंक शाखाएं छानबीन करेंगी।

स्टेट लेवल और छानबीन समिति से स्वीकृति के बाद लोन प्रकरण की गति थम जाना योजना की सफलता पर सवाल खड़े करती है। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना पर भी हितग्राहियों द्वारा प्रश्नचिन्ह खड़े किए जा रहे हैं।

#### पशुपालक और युवा दोनों परेशान

ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन पहले से मौजूद है। ऐसे में डेयरी उद्योग से आमदनी बढ़ाने की पूरी संभावना है। लेकिन लोन न मिलने के कारण कई युवा इस योजना से पीछे हट रहे हैं। पशुपालकों का कहना है कि यदि समय पर वित्तीय सहायता मिल जाए तो वे आधुनिक मशीनें लगाकर दूध उत्पादन बढ़ा सकते हैं।




#### जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

युवाओं और पशुपालकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि बैंक स्तर पर लंबित डेयरी लोन प्रकरणों की समीक्षा कर जल्द स्वीकृति दिलाई जाए। उनका कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आत्मनिर्भर भारत का सपना सिर्फ नारा बनकर रह जाएगा। बहरहाल अब देखना यह है कि प्रशासन और बैंक प्रबंधन इस गंभीर समस्या पर कब तक ध्यान देता है और जिले के युवाओं को कब तक वास्तविक लाभ मिल पाता है।

#### बैंकों में जाकर अटक रहे लोन आवेदन

रायसेन जिले में डेयरी उद्योग से जुड़े लोन प्रकरण बैंक स्तर पर ही अटके हुए हैं। स्थिति यह है कि बीते 10 महीनों में एक भी डेयरी लोन प्रकरण मंजूर नहीं हो पाया। जिससे युवाओं में बजाय आत्मनिर्भर बनने के उनमें निराशा बढ़ती जा रही है। डेयरी खोलने के इच्छुक युवाओं बलवीर जाटव, कुलदीप पटेल का कहना है कि उन्होंने सभी जरूरी दस्तावेज पूरे कर आवेदन किए। लेकिन बैंक से सिर्फ प्रक्रिया चल रही है का जवाब मिल रहा है। कई प्रकरण तो महीनों से फाइलों में दबे हुए हैं।

डेयरी लोन आवेदकों ने आरोप लगाया है कि बैंक शाखाओं द्वारा बार-बार नए-नए दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। कभी गारंटी का मामला अटकता है तो कभी तकनीकी कारण बताए जाते हैं।

#### इनका कहना है

इस वर्ष चालू वित्तीय वर्ष 2026 के लिए 22 हितग्राहियों के लक्ष्य के तहत ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद छानबीन समिति को सभी लोन प्रकरण भेज दिए हैं। लोन स्वीकृति के लिए बैंक में भेजे जाएंगे। अभी इन लोन प्रकरणों में कुछ में सहमति तो बनी है, लेकिन स्वीकृति नहीं हुई है।

- **डॉ आरके शुक्ला,** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं रायसेन।

#### तीन चरणों में होती है लोन की प्रक्रिया

डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु डेयरी उद्योग योजना की कागजी प्रक्रिया तीन चरणों में होती है। इस योजना का हितग्राही को फायदा लेने के लिए पहले ऑनलाइन फॉर्म जमा करना होता है। ऑनलाइन भरा हुआ आवेदन पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय जांच कमेटी द्वारा चैक किया जाता है। जांच के बाद लोन प्रकरण विभाग के प्रदेश मुख्यालय भोपाल भेजा जाता है। जहां से संबंधित बैंक द्वारा ऋण प्रक्रिया पूरी की जाती है।

राज्य स्तरीय जांच के पश्चात संबंधित बैंकों को मंजूरी के लिए भेजे जाते हैं। इस योजना के अंतर्गत 25 देसी गाय यूनिट के लिए 36 लाख रूपए का ऋण क्रॉस बीड हाइब्रिड गाय अथवा भैंस की यूनिट के लिए 42 लाख तक का लोन का प्रावधान है। इस योजना के तहत सामान्य जाति और ओबीसी के लिए 25 प्रतिशत और अनुसूचित जाति जनजाति के लिए 33 प्रतिशत लोन में सब्सिडी दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही के स्वयं या परिवार के किसी सदस्य के नाम साढ़े तीन एकड़ भूमि होना जरूरी है।

## नगर के बीचोंबीच बनी मुख्य सड़क का हो रहा चौड़ीकरण

### पक्की चौड़ी सड़कों पर अतिक्रमण की भरमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

करोड़ों की राशि खर्च कर नगर परिषद द्वारा नगर के बीचों बीच से निकली पुरानी एनएच 12 मुख्य सड़क के दोनों ओर सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। पुरानी मुख्य सड़क निर्माण के दौरान कुछ हिस्से में नालियां वर्ष पूर्व बनी थी, जो अब क्षतिग्रस्त हो गई। इन क्षतिग्रस्त नालियों में कचरा भरा रहने से जीव जन्तु पनप रहे है।

सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन पुरानी नालियों की मरम्मत नहीं होने से बारिश के दिनों में मुख्य सड़क पर पानी भरा रहने की समस्या यथावत बनी रहेगी।

#### नालियों पर अतिक्रमण

नगर की मुख्य सड़कों के साथ वार्डों की सड़कों के किनारे बनी नालियों पर अतिक्रमण की भरमार बनी रहने से उनकी नियमित साफ-सफाई नहीं हो पाती है। इसी प्रकार की स्थिति नालों की भी बनी हुई है।

#### सड़कों पर अतिक्रमण पैदल चलना कठिन

नगर द्वारा नगर विकास के रूप में नगर की मुख्य सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। किनगी रोड, चैनपुर रोड, दालमिल रोड सहित अन्य वार्ड में सीसी रोड निर्माण पर लाखों करोड़ों की राशि खर्च की गई और की जा रही है, परन्तु दशकों पुरानी नालियों की मरम्मत, गहरीकरण पर ध्यान न दिए जाने से जल निकासी की समस्या से निवासी जूझ रहे है। सड़क चौड़ीकरण निर्माण के साथ तकनीकि ढंग से नालियों का निर्माण करने से समस्या का समाधान हो सकता है।

## खबर संक्षेप

#### एसपी ने किए 109 पुलिस कर्मियों के तबादले

**रायसेन।** डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देश पर जिले में पुलिस महकमे का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। एसपी आशुतोष गुप्ता ने जिले के 109 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर करते हुए विभिन्न थानों और इकाइयों में पद स्थापित किया है। इस तबादला सूची में प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। जिला एसपी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार यह कार्रवाई प्रशासनिक आवश्यकता, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिसिंग में प्रभावशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है।

#### 11 फरार काम्बिंग गश्त के दौरान हुए गिरफ्तार

**बरेली।** एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती तथा थाना प्रभारी कपिल गुप्ता के नेतृत्व में फरार, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया गया। 28 एवं 29 जनवरी की रात्रि पुलिस द्वारा तीन टीमों का गठन कर काम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान थाना क्षेत्र में वर्षों से फरार चल रहे 11 वारंटियों को गिरफ्तार कर उनके वारंट तामील कराए गए। अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के 3 गुंडा बदमाशों एवं 2 निगरानी बदमाशों की भी जांच की गई। गिरफ्तार सभी वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया।

#### जमुनिया गांव में तेंदुए का आतंक, गाय पर हमला

**सलामतपुर।** सांची विकासखंड अंतर्गत जमुनिया गांव में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात तेंदुए ने घर के पास बंधी एक गाय पर तेंदुए ने हमला कर दिया। गाय की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाया, जिसके बाद तेंदुआ गाय को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। हमले में गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल गाय ग्राम जमुनिया निवासी मानसिंह लोधी की बताई जा रही है। लगातार हो रही घटनाओं से गांव में भय का माहौल है।

#### सिंचाई के दौरान करंट की चपेट में आया किसान

**रायसेन।** शुक्रवार को बेगमगंज तहसील के निकटवर्ती ग्राम फतेहपुर में किसान 30 वर्षीय राजकुमार पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल की खेत में करंट लगने से मौत हो गई। वह गेहूं की फसल में पानी देने के लिए विद्युत मोटर चालू कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही परिजन किसान राजकुमार को तत्काल सिविल अस्पताल ले पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुपोषण मुक्त अभियान का द्वितीय चरण संपन्न, कुपोषित बच्चों को बांटे फ्रूट किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज




कलेक्टर के निर्देशन में चलाए जा रहे कुपोषण मुक्त अभियान अंतर्गत शुक्रवार को सिविल अस्पताल दूसरे चरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत एवं अध्यक्षता में एसडीएम सौरभ मिश्रा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अति गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं फ्रूट किट वितरण किए। महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त कार्यक्रम अंतर्गत व्यापारी संघ द्वारा 44 बच्चों को फ्रूट कट उपलब्ध कराए गए एवं परिणाम अधिकारी एवं स्टाफ के सहयोग से 36 फ्रूट किट कार्यक्रम में अति कुपोषित बच्चों को वितरण किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं महिलाओं की जांच की गई। कार्यक्रम में बाहर से आई हुई महिलाओं को गला व्यापारी अध्यक्ष संजय ओसवाल द्वारा भोजन के पैकेट वितरण कराए गए।

## दो फरवरी को सांसद खेल महोत्सव का फाइनल के साथ खेल स्टेडियम में होगा समापन, तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जिला मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में आगामी 2 फरवरी को सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत लोकसभा स्तरीय फाइनल एवं समापन समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान तथा क्रिकेटर रवींद्र जडेजा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

शुक्रवार को सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी और भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने खेल स्टेडियम पहुंचकर समापन समारोह की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन भव्य, सुव्यवस्थित और गरिमामय हो तथा सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य अतिथियों के आगमन, बैठक व्यवस्था, दर्शकों की सुविधाएं, खेल आयोजनों का संचालन, दर्शक दीर्घा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विजेताओं को पुरस्कार वितरण और भोजनशाला सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने अधिकारियों से समापन कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा कर आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एसडीएम मनीष शर्मा, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जलज चतुर्वेदी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गढ़ी सेक्टर में चल रहा शांतिधाम का निर्माण ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग हो गई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज



जनपद पंचायत गैरतगंज के गढ़ी सेक्टर अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में इन दिनों विकास कार्यों की बयार बह रही है। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देशन एवं स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंचों के अथक प्रयासों से क्षेत्र में प्रतीक्षित शांतिधामों (मुक्तिधाम) का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

ग्राम पंचायत हिनोतिया खालसा सरपंच के सक्रिय प्रयासों से ग्राम में वर्षों से लंबित शांतिधाम की मांग अब जाकर पूरी हुई है। ग्रामीणों के लिए यह एक बड़ी राहत की खबर है, क्योंकि लंबे समय से उपयुक्त स्थल और व्यवस्था के अभाव में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सिर्फ हिनोतिया खालसा ही नहीं, बल्कि गढ़ी सेक्टर के अन्य ग्रामों में भी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य कराए जा रहे हैं।

पंचायत सचिव रंधीर सिंह लोधी के कार्यों की हिनोतिया खालसा और जुझारपुर में ग्रामीणों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। उनके प्रयासों से हितग्राहियों को शासन के योजनाओं का लाभ मिल रही है।

#### मानकों का रखा जा रहा विशेष ध्यान

शांतिधामों का निर्माण सरपंच-सचिवों की सक्रियता और इंजीनियर सूरजभान की सतत मॉनिटरिंग में किया जा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न करते हुए शासन द्वारा तय किए गए मानदंडों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

ग्रामों में विकास की इस नई तस्वीर को देखकर ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव का आभार व्यक्त किया है।

#### इन ग्रामों में भी प्रगति पर चल रह कार्य

01 ग्राम पंचायत बासादेही : यहाँ के बढ़ेरा ग्राम में निर्माण जारी है।

02 ग्राम पंचायत बनखेड़ी: यहाँ भी शांतिधाम का कार्य प्रगति पर है।

03 ग्राम बाढ़ेर: यहाँ भी ग्रामीणों की सुविधा हेतु निर्माण कराया जा रहा है।

## दो दिवसीय प्लास्टिक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



बाड़ी कलां में 28 एवं 29 जनवरी को प्लास्टिक वॉलीबॉल का वार्षिक आयोजन नगर के वार्ड कमांक 2 ग्रीन मैरिज गार्डन में दो दिवसीय प्लास्टिक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया नाइट मैच के रूप में आयोजकों की बेहतर व्यवस्था और खेल प्रेमियों का जुनून के साथ खिलाड़ियों में उत्साह दिखाई दे रहा था।

सबसे रोमांचक मुकाबला 29 जनवरी को सेमी फाइनल के बाद फाइनल में आमने-सामने बाड़ी की बेहतर टीम पीर का बजार का मुकाबला टीम बाड़ी से फाइनल होना था उत्सुकता देखते ही बन रही थी। लोग अपने-अपने हिसाब से जीत के दावे कर रहे थे, लेकिन मैच शुरू से समापन तक रोमांचक रहा और फाइनल मैच और ट्रॉफी टीम पीर का बजार ने अपने नाम कर ली एवं टीम बाड़ी उपविजेता रही। आयोजक समिति ने सभी 16 टीम जो आयोजन में भाग लिया उनको आभार एवं धन्यवाद माना।

इस अवसर पर वार्ड नं. 02 के पार्षद प्रतिनिधि तुलाराम कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा, शेरू भाई, हनीफ भाई, कल्लू साहू एवं अन्य लोग उपस्थिति रहें।

### अभाविप मध्य भारत प्रांत के 22 जिलों से 215 प्रतिनिधि करेंगे चिंतन मनन

## बरेली में आज विद्यार्थी परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को स्थानीय गीतांजलि गार्डन में संपन्न होगी। दो दिवसीय इस बैठक में मध्य भारत प्रांत के 22 जिलों से आए 215 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

बैठक के दौरान विभिन्न शैक्षिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर गहन चिंतन किया जाएगा तथा संगठन की आगामी कार्ययोजना तय की जाएगी। बैठक में मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतन सुखाडिय़ा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मध्यप्रदेश के वर्तमान सामाजिक एवं शैक्षिक परिदृश्य, संगठन के विस्तार, गुरु तेग बहादुर जी के 350 वर्ष, वंदे मातरम के 150 वर्ष एवं भारतीय गणतंत्र के 75 वर्ष पूर्ण होने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-मंथन किया जाएगा।

#### वर्ष में दो बार आयोजित होती है बैठक

प्रांत मंत्री चेतन चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभाविप की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। पहली बार यह बैठक नगर में आयोजित हो रही है, जो नगर के लिए गर्व का विषय है।

### शहीद दिवस पर नगर के सरकारी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

## नप अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने किया स्मारिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा शहीद दिवस के रुप में नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक व नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक के मुख्य आतिथ्य में उत्साह के साथ मनाई गई। इसके अतिरिक्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तिव व कृतित्तव पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, कर्मचारी, प्राध्यापक मौजूद रहें। यहां पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर अतिथियों व कर्मचारियों, विद्यार्थियों के द्वारा माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन धारण किया गया।

कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा सहायक प्राध्यापक द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत नेमा ने महात्मा गांधी की संकल्प शक्ति अहिंसा सत्याग्रह का विस्तार से वर्णन किया गया।

#### कॉलेज प्रबंधन ने सड़क निर्माण कराने पर किया सम्मान




#### सड़क निर्माण होने पर नप अध्यक्ष का किया सम्मान

महाविद्यालय तक पहुचने में विद्यार्थियों, कर्मचारियों आदि को हो रही परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए बीते दिनो नगर परिषद सिलवानी के द्वारा करीब एक सौ मीटर लंबाई की सडक का डामरी करण कराया गया। डामरीकरण होने से आवागमन सुविधाजनक हो गया। सड़क निर्माण हो जाने पर विद्यार्थियों व कॉलेज प्रबंधन ने नप अध्यक्ष रेशु विभर नायक का शाल श्रीफल से सम्मान किया।

#### अतिथियों ने किया शोध स्मारिका का विमोचन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नप अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, प्राचार्य मनोहर लाल पंथी, डा. लक्ष्मीकांत नेमा, मुस्तकीन अहमद आदि के द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार विकसित भारत विजन-2027 की शोध पत्रिका का विमोचन किया। इस पत्रिका का संपादन प्राध्यापक डा.लक्ष्मीकांमत नेमा के द्वारा किया गया है। विमोचित पत्रिका में विभिन्न महाविद्यालयों के स्कॉलर्स के रिसर्च पेपर पब्लिड किए गए। साथ ही वैबीनार के विषयों, कार्यक्रमों को प्रमुखतः से अंकित किया गया है। मुख्य अतिथि ने पत्रिका के संपादक मंडल की प्रशंसा की। पत्रिका के आयोजक शासकीय महाविद्यालय सिलवानी तथा प्रायोजक उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन भोपाल है।